MINISTRY OF EDUCATION, HERITAGE AND ARTS

YEAR 12 HINDI - 2021

<u>WORKSHEET 1</u>

व्याकरण प्रयोग

अ. **दिए गए प्रश्न संख्या के बगल वाले सही अक्षर पर गोलाकार निशान बनाइए ।**

१. मैं आना चाहता था ----------- आ न सका ।

क. अत: ख. परन्तु ग. अथवा घ. इसलिए

२. मोहन! तुमने दस साल की पक्की नौकरी छोड़कर अपने पाँव पर आप -------- मारी है ।

क. लोहा ख. डण्डा ग. पत्थर घ. कुल्हाड़ी

३. चौदह वर्ष की ----------- समाप्त होने पर ही श्री रामचंद्र जी अयोध्या लौटे ।

क. अवध ख. अवैध ग. अवधी घ. अवधि

४. रमेश तो घर ----------- आदमी है ।

क. में ख. से ग. का घ. पर

५. बच्चे को दूध के लिए रोते देख मेरा ----------- मुँह को आ गया ।

क. मन ख. दिल ग. जिगर घ. कलेजा

आ. कोष्ठक में दिए गए शब्द के सही रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

६. फीजी ने सन् 1970 में आज़ादी ----------- । (पाना)

७. शाम होते ही मज़दूर अपने-अपने घर की तरफ चल ----------- । (पड़ना)

८. हमें पार्टी में जाना है । जल्दी से काम खत्म ----------- । (करना)

९. अपने देश की जीत का समाचार सुनकर, लोग खुशी से नाच ----------- । (उठना)

१०. मैंने उसको पैसा दे ----------- है । (रखना)